पेट्रोलियम उत्पादों के आयात के व्यय में वृद्धि

1039. **श्री रणजीत सिंह** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 30 मार्च, 1992 के "फाइनैंशियल एक्सप्रैस" में 1992-93 बिल टु गो अप बाइ रुपीज 4,300 क्रोर शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) क्या यह सच है कि 1992-93 के वर्ष में देश में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने वित्त मंत्रालय से 61.5 मिलियन टन के पेट्रोलियम उत्पादों के आयात की मंजूरी चाही है,

(घ) उक्त मात्रा में से कच्चे तेल की कितनी मात्रा का आयात किया जाएगा; और

(ङ) क्या आयात किए जाने वाले कच्चे तेल के शोधन के लिए देश में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ग) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार, वर्ष 1992-93 के लिए लगभग 61.5 एम एम टी पेट्रोलियम उत्पादों की मांग होने का अनुमान है। वास्तविक खपत अनेक तत्वों पर निर्भर करेगी जिसमें आर्थिक कार्य का स्तर, विदेशी मुद्रा की उपलब्धता आदि शामिल है ।

(घ) वर्ष 1992-93 के दौरान लगभग 26.7 एम एम टी कच्चे तेल के आयात की संभावना है ।

(ङ) जी हां ।

पेट्रोलियम उत्पादों की खपत

1040. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन** :
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1994-95 में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में लगभग 77 मिलियन टन की वृद्धि होने का अनुमान है ;

(ख) यदि हां, तो आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान देश में सरकार द्वारा स्थापित की जाने वाली प्रस्तावित शोधन क्षमता कितनी है; और

(ग) सातवीं पंचवर्षीय योजना के अंत में देश में प्रतिस्थापित शोधन क्षमता कितनी थी और आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंत में अनुमानित शोधन क्षमता कितनी होगी ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) 1994-95 में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत अनुमानतः 69 मिलियन मीट्रिक टन होने की सम्भावना है ।

(ख) और (ग) सातवीं पंचवर्षीय योजना की समाप्ति पर देश में संशोधन क्षमता 51.85 एम एम टी पी ए थी। आठवीं पंचवर्षीय योजना की समाप्ति पर शोधन क्षमता अनुमानतः 73 एम एम टी पी ए होगी ।

कच्चे तेल के छोटे कुंड (पूल)

1041. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा** :
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में पता लगाए गए कच्चे तेल के भंडारों के निकटस्थ तथा